कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), रामपुर।
14 एम0एल0डी0, एस0टी0पी0, घाटमपुर–रामपुर–244901

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
DIVISION OFFICE, U.P. JAL NIGAM (RURAL), RAMPUR.
14 MLD STP, GHATAMPUR, RAMPUR-244901
Email- executiveengineerrampur@gmail.com

**दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित ''सिंगरा में जल जीवन मिशन की टंकी अूधरीः पिलर और ट्यूबवेल लगाकर विभाग भूला, गांव में पानी की सप्लाई ठप' खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित ''सिंगरा में जल जीवन मिशन की टंकी अूधरीः पिलर और ट्यूबवेल लगाकर विभाग भूला, गांव में पानी की सप्लाई ठप' खबर प्रकाशित की गयी है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद रामपुर की मिलक तहसील के सिंगरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित सिंगरा पेयजल योजना को लेकर मीडिया में आई खबरों का संज्ञान लेते हुए जल निगम ने स्थिति स्पष्ट की है। इस पेयजल योजना के अन्तर्गत ट्यूबवेल, सड़क पुर्नस्थापना का निर्माण कार्य शत–प्रतिशत एवं पंप हाउस का 90 प्रतिशत, 499 नग पेयजल गृह संयोजन के सापेक्ष 317 नग पेयजल गृह संयोजन का कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक अवर जलाशय का 25 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण है तथा शेष बचे कार्यों जैसे राइजिंग मेन पाइपलाइन, सोलर प्लांट और वितरण प्रणाली को तेजी से पूरा करने के हेतू कार्यदायी संस्था मैसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जे0वी0) को कड़े निर्देश जारी कर गये हैं, जिन्हे निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करा लिया जाएगा, जिससे सिंगरा गांव के सभी 499 परिवारों को शीघ्रातिशीघ्र घरेलू पेयजल गृह संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की सप्लाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

(राम कुमार)
अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner